भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1103
गुरूवार, 15 दिसम्बर, 2022/24 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन प्रोत्साहन योजनाएं

1103. श्री एम. शनमुगमः
श्री वाइकोः
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में विस्तारित विभिन्न पर्यटन प्रोत्साहन योजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत तीन वर्षों में तमिलनाडु राज्य को पर्यटन अवसंरचना के विकास और प्रचार के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(ग) राज्य में ईको पर्यटन और चिकित्सा पर्यटन को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय तमिलनाडु सहित देश के पर्यटन गंतव्यों का समग्र रूप से संवर्धन करता है और अपनी स्वदेश दर्शन तथा तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। परियोजनाओं को राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के परामर्श से विकास के लिए चिह्नित किया जाता है और निधि की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना के दिशा-निर्देशों के अनुपालन, पूर्व में जारी निधियों के उपयोग आदि के अधीन स्वीकृत किया जाता है। पर्यटन के संवर्धन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को मेलों और उत्सवों के आयोजन और सेमिनार, सम्मेलनों, गोष्ठियों आदि जैसे पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ख): तमिलनाडु राज्य को स्वदेश दर्शन, प्रशाद, आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत आवंटित निधियों का विवरण अनुबंध में संलग्न है।

(ग): तमिलनाडु सहित भारत को ईको/स्थायी पर्यटन के लिए एक पसंदीदा वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने ईको पर्यटन और स्थायी पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है। कार्यनीतिक दस्तावेजों के प्रचालन और कार्यान्वयन को निर्देशित करने के उद्देश्य से सचिव (पर्यटन) की अध्यक्षता में स्थायी पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय बोर्ड का भी गठन किया गया है। पर्यटन क्षेत्र में 'स्थायित्व पहल' को सक्रीय रूप से प्रोत्साहित और सहायता प्रदान करने के लिए उपाय करने और सहयोगपूर्ण तरीके से कार्य करने हेतु पर्यटन मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और भारतीय जिम्मेदार पर्यटन सोसाइटी (आईटीएसओआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है।

देश में चिकित्सा मूल्य यात्रा और निरोगता पर्यटन के विकास पर बल देने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा और निरोगता पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है। इसके अतिरिक्त, चिकित्सा पर्यटन, निरोगता पर्यटन और योग, आर्युवेद पर्यटन और आर्युवेद, योग, यूनानी सिद्धा और होमियोपैथी (आयुष) के अंतर्गत् आने वाली किसी अन्य भारतीय औषधि पद्धति के प्रारूप के संवर्धन के लिए समर्पित संस्थागत अवसंरचना प्रदान करने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय ने माननीय पर्यटन मंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय चिकित्सा और निरोगता पर्यटन बोर्ड का गठन किया है। यह बोर्ड छत्र संगठन के रूप में कार्य करता है जोकि पर्यटन के इस क्षेत्र को संगठित तरीके से प्रोत्साहित करता है।

*****

अनुबंध

तमिलनाडु में पर्यटन प्रोत्साहन योजनाओं के संबंध में दिनांक 15.12.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1103 के भाग (ख) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजना का विवरण

(करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वदेश दर्शन | | |
|---|---|---|---|---|
| | | परियोजना की संख्या | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
| 1. | तटीय परिपथ (चेन्नै-मामल्लपुरम-रामेश्वरम-मानपाडु-कन्याकुमारी) का विकास | 1 | 73.13 | 69.48 |

प्रशाद योजना के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| 2. | वेल्लंकनी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |

केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता के तहत तमिलनाडु में स्वीकृत राशि

(करोड़ रु. में)

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रामेश्वरम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | 2017-18 | 4.70 | 3.76 |
| 2. | मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | 2018-19 | 4.48 | 3.56 |

मेलों और उत्सवों के आयोजन के लिए तमिलनाडु को स्वीकृत राशि

(लाख रु. में)

| स्वीकृति वर्ष | मेलों और उत्सवों का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|
| 2017-18 | मामल्लपुरम में भारत नृत्योत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2018-19 | मामल्लपुरम में भारत नृत्योत्सव | 25.00 | 25.00 |
| 2019-20 | भारत नृत्योत्सव, कुमारी उत्सव, पर्यटन सांस्कृतिक उत्सव | 50.00 | 50.00 |
| 2021-22 | मामल्लपुरम में भारत नृत्योत्सव | 25.00 | 25.00 |

*****